विद्या/ज्ञान/बुद्धि

drishtiias.com/hindi/printpdf/learning-knowledge-wisdom

सा विद्या या विमुक्तये।
(विद्या वही है जो विमुक्त करे)
-विष्णु पुराण

विद्या दो
विद्या दो
कोई और विद्या दो भिखारी को
रोटी से ही नहीं मिटेगी भूख
भूखे को भरपूर भोजन की विद्या दो
वरना भूखा
भोजन की कोई एक विद्या
खुद चुन लेगा।
-लीलाधर जगूड़ी

अपनी अज्ञानता का अहसास होना ज्ञान की दिशा
में एक बहुत बड़ा कदम है।
-डिजरायली

ज्ञान आपका है, विज्ञान आपका है
खुदा आपका है, शैतान आपका है
और इस दौर में
बिना आपसे लाइसेंस लिये
काम नहीं करेगी किसी की बुद्धि
बुद्धि भी एक असलहा है
बंदूक की तरह।
-दिनेश कुमार शुक्ल

अक्ल ये कहती दुनिया मिलती है बाजार में
दिल मगर ये कहता है कुछ और बेहतर देखिये।
-जावेद अख्तर

ज्ञानी जन विवेक से सीखते हैं, साधारण मनुष्य अनुभव से, अज्ञानी पुरुष आवश्यकता से और पशु स्वभाव से।
-कौटिल्य